**<u>जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु माननीय जनप्रतिनिधियों/जिलाधिकारी, झाँसी की अध्यक्षता में दिनांक 13.05.2022 को आहूत बैठक का कार्यवृत।</u>**

जिला पेयजल एवं स्वच्छता मिशन के अन्तर्गत जनपद झाँसी में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा हेतु दिनांक 13.05.2022 को माननीय जनप्रतिनिधियों/जिलाधिकारी, झाँसी की अध्यक्षता में बैठक आहूत की गयी, जिसमें निम्न माननीय/अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

1. श्री जवाहर सिंह राजपूत, माननीय विधायक, गरौठा।
2. श्री अतुल अग्रवाल, प्रतिनिधि, माननीय सांसद, झाँसी–ललितपुर।
3. श्री शैलेष कुमार, मुख्य विकास अधिकारी महोदय, झाँसी।
4. श्री सुनील कुमार, जिला विकास अधिकारी, झाँसी।
5. श्री संजय कुमार पाण्डेय, अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी।
6. श्री बी.के. मिश्र डी.एफ.ओ., झाँसी।
7. श्री जगदीश राम गौतम, जिला पंचायत राज अधिकारी, झाँसी।
8. श्री उमेश कुमार, अधिशासी अभियन्ता, सिंचाई विभाग, झाँसी।
9. श्री रणविजय सिंह, अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण), झाँसी।
10. श्री हिमान्शु नेगी, परि.प्रब. निर्माण इकाई, जल निगम (नगरीय), झाँसी।
11. श्री रोहित चौरसिया, परि.प्रब. अतिरिक्त निर्माण इकाई, जल निगम (नगरीय), झाँसी।
12. कार्यदायी फर्मो के परियोजना प्रबन्धक।
13. श्री राजेश कुमार गुप्ता टीम लीडर टी.पी.आई. झाँसी।
14. सहायक अभियन्ता (सिविल एवं वि0/यॉ0), एस.डब्लू.एस.एम., झाँसी।

बैठक में अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी द्वारा अगवत कराया कि जनपद झाँसी में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत 10 नग ग्राम समूह पेयजल योजनायें निर्माणाधीन है, जिनमें 02 योजनाओं (बरथरी एवं टेहरका) का अनुबन्ध अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति विभाग, लखनऊ के पत्रांक 4060/डब्लू–17/टेहरका/2020–21 दिनांक 14 फरवरी, 2022 द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इसी क्रम में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्माणाधीन गुलारा, बचावली एवं तिलैथा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा की गयी है, जिसमें अनुबन्धित फर्म के डी.जी.एम. श्री एल.आर. रमेश द्वारा अवगत कराया गया कि उक्त योजना के अन्तर्गत 03 नग इन्टेक वेल के कार्य क्रमशः 70%, 70% एवं 25% पूर्ण किये जा चुके है।



इसी प्रकार 03 नग डब्लू.टी.पी. के कार्य 70%, 65% एवं 60%, 18 नग ओवर हैड टेंक का कार्य लगभग 57%, 12 नग सी.डब्लू.आर. का कार्य 58%, रॉ–वाटर राईजिंग मेन–10.14 किमी., क्लीयर वाटर राईजिंग मेन– 89.53 किमी. तथा 282.186 किमी. वितरण प्रणाली बिछाने का कार्य पूर्ण किये जा चुके है। शेष कार्य प्रगति पर है, जिसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा निर्देशित किया गया है कि वर्तमान में माननीय मुख्यमंत्री के स्थलीय निरीक्षण कार्यक्रमों में दिये गये आदेशों के क्रम मे योजनाओं के कार्यो पर श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये निर्धारित समयावधि में पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाये। जिसपर फर्म के डी.जी.एम श्री रमेश द्वारा गुलारा ग्राम समूह पेयजल योजना में जून–2022 में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु आश्वस्त किया गया। **(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/अनुबन्धित फर्म)**

बुढ़पुरा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा करने पर फर्म के परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया है कि योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य 25 प्रतिशत, डब्लू.टी.पी. कार्य 60 प्रतिशत, 14 नग ओ.एच.टी. के कार्य 54 प्रतिशत, 8 नग सी.डब्लू.आर. के कार्य 45 प्रतिशत, रॉ–वाटर राइजिंग मेन–13.82 किमी., क्लीयर वाटर राईजिंग मेन– 95.60 किमी. एवं 444.689 किमी. वितरण प्रणाली विछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। योजना के परियोजना प्रबन्धक द्वारा योजना के कार्यो को निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु आश्वस्त किया गया।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/अनुबन्धित फर्म)**



बढ़वार ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा करने पर फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री वाई.एन. तिवारी द्वारा अवगत कराया गया है कि योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य 74 प्रतिशत, डब्लू.टी.पी. कार्य 52 प्रतिशत, 9 नग ओ.एच.टी. के कार्य 56 प्रतिशत, 5 नग सी.डब्लू.आर. के कार्य 17 प्रतिशत, क्लीयर वाटर राईजिंग मेन– 10.00 किमी. एवं 139.048 किमी. वितरण प्रणाली विछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है। श्री तिवारी द्वारा योजना के 02 नग ओवर हैड टेंक (1. बंकापहाड़ी एवं 2. खिरिया) के माध्यम से 15 अगस्त, 2022 तक लगभग 14 ग्रामों में पेयजल आपूर्ति प्रारम्भ करने हेतु आश्वस्त किया गया, जिसका लिखित प्रमाण पत्र श्री तिवारी से प्राप्त करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) एवं अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झॉसी को निर्देशित किया गया।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/अनुबन्धित फर्म)**

इमलौटा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा करने पर अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री लक्ष्मी नारायण द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य 15 प्रतिशत, डब्लू.टी.पी.–30 प्रतिशत, क्लीयर वाटर राईजिग मेन–69.26 किमी., एवं वितरण प्रणाली पाईप लाइन– 210.36 किमी. पूर्ण किया जा चुका है। शेष कार्य प्रगति पर है, जिन्हें निर्धारित समयावधि में पूर्ण किये जाने हेतु सार्थक प्रयास किये जा है, जिसपर अधोहस्ताक्षरी द्वारा परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया कि योजना के कार्यो श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये प्रत्येक दशा पूर्ण करना सुनिश्चत करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/अनुबन्धित फर्म)**

पुरवा ग्राम समूह पेयजल योजना के कार्यो की समीक्षा के दौरान अनुबन्धित फर्म के परियोजना प्रबन्धक श्री नारायण द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वेल का कार्य 48 प्रतिशत, डब्लू.टी.पी. का कार्य 71 प्रतिशत किया जा चुका है, जिस फर्म के परियोजना प्रबन्धक को निर्देशित किया गया 15 अगस्त, 2022 तक किसी वी.वी.आई.पी. द्वारा कार्य स्थल स्थलीय निरीक्षण किया जा सकता है। अतः इन्टेक वेल एवं डब्लू.टी.पी. के कार्य को श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये उक्त तिथि तक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण)/अनुबन्धित फर्म)**

इसी प्रकार योजनाओं में कराये जा रहे कार्यो की समीक्षा करने पर अधोहस्ताक्षरी द्वारा परियोजनाओं के परियोजना प्रबन्धकों को निर्देशित किया गया कि योजनाओं के माध्यम से ग्रामवासियों को पेयजल उपलब्ध कराया जाना शासन की शीर्ष प्राथमिकता पर है। अतः बुन्देलखण्ड में पेयजल की आवश्यकता/उपयोगिता को दृष्टिगत रखते हुये योजनाओं के अवशेष कार्यो को 02 पालियों दिन एवं रात्रि के समय कराया जाए। रात्रि के समय कार्य करने हेतु हैलोजन की व्यवस्था आवश्य की जाए, ताकि कार्य करने वाले श्रमिकों के साथ कोई दुर्घटना घटित न हो। **(कार्यवाही– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झॉसी/अधि. अभि. जल निगम (ग्रामीण)/समस्त कार्यदायी संस्था)**



अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना फेज–I के कार्यो की समीक्षा की गयी, जिस पर श्री रोहित चौरसिया, परियोजना प्रबन्धक, अतिरिक्त निर्माण इकाई, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के समस्त कार्यो को जून–2022 में पूर्ण कर लिया जायेगा।

इसी क्रम में अमृत कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन झाँसी महानगर पेयजल पुनर्गठन योजना फेज–II के कार्यो की समीक्षा की गयी। कार्यो की धीमी प्रगति पर जिलाधिकारी महोदय द्वारा रोष व्यक्त किया गया तथा जिस पर श्री हिमांशु नेगी, परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी को निर्देशित किया गया कि योजना के कार्यो को 04 से 05 गुना श्रमिकों एवं मशीनरी की संख्या बढ़ाते हुये शीघ्र पूर्ण कराना सुनिश्चित करें, जिस पर परियोजना प्रबन्धक द्वारा अवगत कराया गया कि योजनान्तर्गत निर्माणाधीन इन्टेक वैल का कार्य 12 प्रतिशत पूर्ण किया जा चुका है, परन्तु कार्य स्थल पर ब्लास्टिंग की अनुमति न होने के कारण कार्य की गति धीमी है। अधोहस्ताक्षरी द्वारा अवगत कराया गया कि मेरे द्वारा 195 एम.एल.डी. क्षमता के वाटर ट्रीटमेन्ट प्लांट का स्थलीय निरीक्षण गया था, जिसमें कार्य की प्रगति मात्र 05–10 प्रतिशत ही पायी गयी थी। परियोजना प्रबन्धक द्वारा योजना की प्रगति की भ्रामक सूचना अधोहस्ताक्षरी के समक्ष प्रस्तुत करने पर रोष व्यक्त किया गया तथा अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी को परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उ0प्र0 जल निगम(नगरीय), झाँसी से स्पष्टीकरण प्राप्त करने हेतु आदेशित किया गया।
**(कार्यवाही– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, जल निगम (नगरीय)/अनुबन्धित फर्म)**



इसी प्रकार राज्य सेक्टर कार्यक्रम के अन्तर्गत निर्माणाधीन गुरसरांय–गरौठा नगर संयुक्त पेयजल पुनर्गठन योजना कार्यो की समीक्षा की गयी, जिसपर माननीय विधायक श्री जवाहर सिंह राजपूत जी द्वारा अवगत कराया गया कि योजना के परियोजना प्रबन्धक श्री नेगी द्वारा

जून–2021 में पाईप की आपूर्ति प्राप्त करने हेतु आश्वस्त किया गया था। परन्तु 01 वर्ष का समय व्यतीत हो जाने के उपरान्त भी पाईप की आपूर्ति लम्बित है। माननीय विधायक द्वारा यह भी अवगत कराया गया कि श्री नेगी जी द्वारा योजना की प्रगति के सम्बन्ध में सदैव ही भ्रामक आंकड़े प्रस्तुत किये जा रहे है, जिस कारण नगरवासियों द्वारा रोष व्यक्त किया जा रहा है।

अधोहस्ताक्षरी द्वारा श्री हिमाशु नेगी, परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, उ0प्र0 जल निगम (नगरीय), झाँसी को निर्देशित किया गया कि भविष्य में योजना के सम्बन्ध में भ्रामक तथ्य प्रस्तुत न करें तथा कार्यों की प्रगति पर ध्यान देते हुये कार्यों को गुणवत्तापूर्वक पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

**(कार्यवाही– अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी परियोजना प्रबन्धक, निर्माण इकाई, जल निगम (नगरीय)/अनुबन्धित फर्म)**

अन्ततः धन्यवाद के साथ बैठक समाप्त की गयी।

04/06/22

(संजय कुमार पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
झाँसी।

अनुमोदित

/6/22

(रविन्द्र कुमार)
जिलाधिकारी, झाँसी।

## कार्यालय अपर जिलाधिकारी, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति, झाँसी।

पत्रांक–1651/एस0टी0/नमामि गंगे/कार्यवृत/2021 दिनॉक-04/06/2022

प्रतिलिपि– निम्नांकित को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

1– मा0 प्रमुख सचिव, नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति उ0 प्र0 लखनऊ।
2– जिलाधिकारी महोदय की सेवा में अवलोकनार्थ प्रेषित।
3– अधिशासी निदेशक, राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन लखनऊ।
4– मुख्य विकास अधिकारी, झाँसी।
5– सभी सम्बंधित को आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

04/06/22

(संजय कुमार पाण्डेय)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
झाँसी।